उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर, लखनऊ-226010

प्रेस विज्ञप्ति

विज्ञप्ति संख्या: 12 (भर्ती)/ 2016

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ के विज्ञापन संख्या-9(2)/2016 के अंतर्गत आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद के नियंत्रणाधीन "आबकारी सिपाही", वेतनमान रु. 5200-20200, ग्रेड पे.-1900 के सामान्य चयन के कुल 405 (अस्थायी) रिक्त पदों (अनारक्षित-203, अनुसूचित जाति-85, अनुसूचित जनजाति-08 तथा अन्य पिछड़ा वर्ग-109) पर साक्षात्कार के माध्यम से चयन हेतु भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों तथा क्षैतिज आरक्षण से संबन्धित अन्य श्रेणी (विकलांगजनों को छोड़कर) के ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आरक्षण की सुविधा और प्रदेश सरकार के अद्यतन विद्यमान शासनादेशों के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट का लाभ अनुमन्य है, को विद्यमान शासनादेशों के अनुसार क्रमशः आरक्षण की सुविधा एवं अधिकतम आयु सीमा में छूट प्रदान की जायेगी। अतः उपर्युक्त पदों पर भर्ती हेतु इच्छुक अभ्यर्थी, जो निम्नलिखित अर्हता रखते हों और जिनकी 01 जुलाई, 2016 को आयु 18 से 40 वर्ष हो, वे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

नोट- आबकारी सिपाही पद विकलांगजन हेतु चिन्हित नही है। अतः इस पद हेतु विकलांग व्यक्ति पात्र नही है।

अनिवार्य अर्हता (शैक्षिक)- माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. की इंटरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा अवश्य उत्तीर्ण की हो।

चयन का आधार- आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश द्वारा आबकारी सिपाही पद पर चयन हेतु उपलब्ध कराई गयी सेवानियमावली के अनुसार आबकारी सिपाही पद पर सीधी भर्ती हेतु चयन का आधार शारीरिक परीक्षा- दौड़, लंबी कूद और क्रिकेट बॉल थ्रो तथा साक्षात्कार है। शारीरिक परीक्षा-दौड़, लंबी कूद और क्रिकेट बॉल थ्रो 60 अंकों का तथा साक्षात्कार 40 अंकों का होगा।

शारीरिक मापदंड- उत्तर प्रदेश आबकारी सिपाही, ड्राइवर और ताड़ी पर्यवेक्षक सेवा (चतुर्थ संशोधन) नियमावली, 2008 एवं उत्तर प्रदेश आबकारी सिपाही, ड्राइवर और ताड़ी पर्यवेक्षक सेवा (पांचवा संशोधन) नियमावली, 2016 के अंतर्गत आबकारी सिपाही पद पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया नियम-13 के अनुसार- आबकारी सिपाही पद के लिए अभ्यर्थी की स्थिति में शारीरिक मापदंड निम्नवत होगा-

पुरुष अभ्यर्थियों के लिए-

(1) सीना- न्यूनतम 80 सेंटीमीटर (बिना फुलाए), न्यूनतम 85 सेंटीमीटर (फुलाने पर)।

(2) ऊँचाई-न्यूनतम 167.6 सेंटीमीटर।

महिला अभ्यर्थियों के लिए-

(1) वजन-न्यूनतम 45 किलोग्राम।

(2) सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए ऊँचाई-न्यूनतम 152 सेंटीमीटर।

(3) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए ऊंचाई-न्यूनतम 147 सेंटीमीटर।

सीधी भर्ती की प्रक्रिया- उत्तर प्रदेश आबकारी सिपाही, ड्राइवर और ताड़ी पर्यवेक्षक (पांचवा संशोधन) नियमावली, 2016 के अंतर्गत आबकारी सिपाही पद पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया नियम-15 के अनुसार- आबकारी सिपाही पद पर सीधी भर्ती, उत्तर प्रदेश समूह- 'ग' के पदों के लिए सीधी भती (रीति और प्रक्रिया) नियमावली, 2015 के अनुसार की जाएगी।

उपरोक्त पदों के संबंध में विज्ञापन की शर्तें, निर्धारित प्रारूप आदि का विस्तृत विवरण आयोग की वेबसाइट **http://upsssc.gov.in** पर दिनांक 05-05-2016 से उपलब्ध रहेगा। उपरोक्त विज्ञापित पदों के सापेक्ष आवेदन सबमिट (Submit) करने की अंतिम तिथि 27-05-2016 है। इच्छुक अभ्यर्थी ई-चालान/आई कलेक्ट के माध्यम से दिनांक 25-05-2016 तक अपना शुल्क जमा कर सकते है। आयोग की वेबसाइट **http://upsssc.gov.in** पर ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया दिनांक 05-05-2016 से प्रारम्भ होगी।

सचिव

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

लखनऊ

UP-105974 दिनांक-21-04-16 विज्ञापन वेबसाइट **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है